प्रेस नोट- जनपद अम्बेडकरनगर

दिनांकः-20.09.2023

जनपद अम्बेडकरनगर थाना जलालपुर पुलिस टीम द्वारा एक नफर अभियुक्त को किया गिफ्तार, कब्जे से 110 ग्राम नाजायज स्मैक (अन्तरराष्ट्रीय कीमत लगभग 10 लाख) बरामद।

जनपद पुलिस द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 20.09.2023 को थाना जलालपुर पुलिस टीम देखभाल क्षेत्र/चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन व वांछित अपराधी के सम्बन्ध में पट्टी चौराहा पर मौजूद थी। तत्समय एक व्यक्ति मुरवाह (बरियावन रोड)के तरफ से आता हुआ दिखाई दिया तथा मौजूद पुलिस टीम को देखकर भागने लगा। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित व्यक्ति को पट्टी चौराहा से (बरियावन रोड पर) गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त ने पुलिस पूछताछ में अपना नाम शशीकांत पुत्र सीताराम निवासी ग्राम रसूलपुर थाना टांडा जनपद अम्बेडकरनगर बताया। गिरफ्तार अभियुक्त की जमातालाशी लेने पर अभियुक्त के कब्जे से110 ग्राम नाजायज स्मैक बरामद की गयी । जिसकी अन्तरराष्ट्रीय कीमत लगभग 10 लाख है। उपरोक्त प्रकरण के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 286/2023 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम आवश्यक कार्यवाही प्रचलित है।

गिरफ्तार नाम पता अभियुक्त-

शशीकांत पुत्र सीताराम निवासी ग्राम रसूलपुर उम्र 28 वर्ष थाना टांडा जनपद अम्बेडकरनगर ।

विवरण आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 286/2023 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना जलालपुर जनपद-अम्बेडकरनगर।
2. मु0अ0सं0 110/2015 धारा 08/20 एनडीपीएस थाना टाण्डा जनपद- अम्बेडकरनगर।

विवरण बरामदगी-

110 ग्राम नाजायज स्मैक

गिरफ्तारी का स्थान

पट्टी चौरहा (बरियावन रोड पर)

विवरण गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम

1. उ0नि0 महेन्द्र राम शर्मा थाना जलालुपर अम्बेडकर नगर
2. हे0कां0 मो0 रईस थाना जलालपुर अम्बेडकरनगर
3. का0 ललित सरोज थाना जलालपुर अम्बेडकरनगर